## खबर संक्षेप

### थाना घुघरी क्षेत्रांतर्गत शिक्षक के आत्महत्या के मामले में तीन आरोपियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध

**मण्डला।** दिनांक 14.10.2024 को शिक्षक मनोज द्विवेदी पिता रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी द्वारा फॉसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जिसपर थाना घुघरी में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। मर्ग जांच के दौरान आये तथ्यों अनुसार मृतक विगत 26 वर्षों से थाना घुघरी अंतर्गत ग्राम कठईडींह के शासकीय विद्यालय में पदस्थ थें। जिसकी भर्ती के संबंधी दस्तावेज आरोपियों द्वारा प्राप्त कर दस्तावेजों के आधार पर मृतक को नौकरी से निकलवाने की बात को लेकर ब्लैकमेल करके कई बार पैसे लिये एवं नौकरी से निकलवा देने एवं पेपर में छापकर बदनाम करने के नाम से परेशान करते रहें। मर्ग जांच के दौरान आये कथनों, तथ्यों, साक्ष्यों व तकनिकी जानकारी के आधार आरोपी मुकेश श्रीवास (पत्रकार) व नारायण यादव दोनो निवासी मंडला तथा सतानंद चौबे निवासी घुघरी के विरूद्ध थाना घुघरी में अपराध क्रमांक 235/2024 पंजीबद्ध कर उक्त तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आज दिनांक को माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

### हरिश्चन्द्र वरकड़े को मिला दिव्यांग प्रमाण पत्र

**मण्डला।** प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में कलेक्टर सोमेष मिश्रा के निर्देश पर शिकायतों का मौके पर ही निराकरण होने से आवेदक खुशी जाहिर कर रहे हैं। ऐसा ही वाक्या मंगलवार को भी देखने को मिला। हरिश्चन्द्र वरकड़े ने कलेक्टर को दिव्यांग प्रमाण पत्र दिलाने के लिए आवेदन दिया। इस पर कलेक्टर सोमेष मिश्रा ने सिविल सर्जन को तत्काल निर्देशित किया कि हरिश्चन्द्र का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने की कार्यवाही करें तथा आवेदक की पात्रता का परीक्षण कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रदान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मौके पर ही हरिश्चन्द्र को दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रदान की। हरिश्चन्द्र ने इस दौरान जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए जनसुनवाई कार्यक्रम की सराहना की।

### बम्हनी कॉलेज में भोपाल गैस त्रासदी पर आयोजन

**बम्हनीबंजर।** शासकीय कला महाविद्यालय बम्हनी बंजर में प्राचार्य डॉ.श्रीमती करूणा नेमा के मार्गदर्शन में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार भोपाल गैस त्रासदी की बरसी पर प्रो.श्री एस.पी.झारिया द्वारा विद्यार्थियों को इस घटना की विस्तार से जानकारी दी साथ ही विद्यार्थियों को त्रासदी से संबंधित विडियो दिखाया गया। इस कार्यक्रम में डॉ.श्रीमती कुन्ती वराठे, डॉ.रंजीत कुमार भालेकर, श्रीमती सुनैना सिंह श्याम, श्री सुषील कुमार नाविक, श्री शरद कुमार रधुवंषी, श्री ओमप्रकाष झारिया एवं छात्र/ छात्राऐं उपस्थित रहे।

## 12 खेत तालाबों के गायब हो जाने का मामला

# पहले गुम हुये और अब मिल गये तालाब





*** प्रशासन ने जांच की और खोज लिये 11 खेत तालाब।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

पंचायती राज व्यवस्था में योजनायें तो विकास की एवं आर्थिक सम्पन्नता के लिये बनाई जाती हैं ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों की दशा और दिशा बेहतर हो सके। इसी के मद्देनजर खेत तालाबों की योजना बनाई गई जिसमें किसानों के खेत में तालाब बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई जिसके लिये शासन द्वारा राशि दी जाती है और खेत तालाब बनाने का काम रोजगार गारंटी योजना के तहत स्थानीय मजदूर करते हैं जिससे उन्हें रोजगार भी प्राप्त होता है। खेत तालाब बन जाने से उसमें मछली पालन कर हितग्राही अपनी आजीविका चला सकता है साथ ही खेत तालाब होने से आसपास के खेतों में सिंचाई भी हो सकती है और खेती को भी बल मिलता है। इन सब कारणों को लेकर हितग्राहियों को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है लेकिन अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी एवं लापरवाही के चलते इस महत्वपूर्ण योजना की आज न केवल दुर्दशा हो रही है बल्कि इसके कारण विवाद भी खड़े हो रहे हैं।

### क्या है मामला

बिछिया जनपद पंचायत की जनपद सदस्या जानकी पुष्पकार ने कुछ दिनों पूर्व यह आरोप लगाये कि उनके क्षेत्र में निर्माण किये गये 12 तालाब गायब हैं यानि जिनका कोई आस्तित्व नहीं ये खेत तालाब सिर्फ और सिर्फ कागजों में ही नजर आ रहे हैं। आरोप भी बड़ा था और मीडिया में चर्चित भी हुआ लिहाजा जिला प्रशासन के भी कान खड़े हुये और उन्होंने सहायक कलेक्टर के नेतृत्व में एक टीम को जांच के लिये भेजा सहायक कलेक्टर आकिप खान द्वारा बताया गया कि जो 12 फर्जी खेत तालाब की शिकायत की गई थी उसमें से 01 खेत तालाब को छोड़कर बाकी सभी खेत तालाब सही पाये गये हैं और इसका उन्होंने पंचनामा भी बनवाया। जिन हितग्राहियों के खेत तालाबों को लेकर आरोप लगाये गये थे उनमें से कुछ हितग्राहियों ने भी यह कहा कि मेरा खेत तालाब मेरी भूमि पर बना है। आरोप-प्रत्यारोप के बीच अब यह कौन निर्णय करेगा कि आरोप लगाने वाला सही है या फिर जांच के बाद जो कहानी सामने आई है वह सही है। जनपद सदस्या जानकी द्वारा जो आरोप लगाये गये कि खेत तालाब आस्तित्व में नहीं है वे भी अपनी जगह सही हो सकती हैं और प्रशासन के अधिकारी जब जाकर मौके पर खेत तालाब ढूंढ लेते हैं वे भी गलत कैसें हो सकते हैं। ग्रामवासियों के समक्ष पंचनामा बनाया जाता है कि उनके खेत तालाब मौके पर मौजूद हैं जबकि जनपद सदस्या का अभी भी कहना है कि यह जांच भेदभाव पूर्ण की गई है हितग्राहियों को डरा-धमकाकर उनसे सहमति ली जा रही है आज भी 12 के 12 खेत तालाब आस्तित्व हीन है मेरा आरोप पहले भी सही था और अब भी मैं उन आरोपों में अडिग हूँ।



### क्या है हकीकत

सरकारी तंत्र की विफलता का यह प्रत्यक्ष प्रमाण है हितग्राही का खेत तालाब स्वीकृत हुआ उसमें कैसा काम हुआ यह तो संबंधित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि ही बता सकते हैं कि इन खेत तालाबों में पानी भरा ही नहीं और जब खेत तालाब सूखे पड़े हैं तो फिर हितग्राही इन खेत तालाबों में खेती तो करेगा ही अब जिस स्थान पर खेत तालाब बनाया गया था या बनाने का प्रयास किया गया था या बनाने का ढोंग किया गया उस स्थान पर आज फसल बोयी गई है या बोयी जा रही है तो फिर दोनों पक्ष परिस्थिति के अनुसार सही हैं लेकिन प्रश्न यह है कि खेत तालाब बना तो फिर उसमें पानी क्यों नहीं आया या क्यों नहीं भरा?

# बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार के विरोध में विशाल प्रदर्शन 4 को




*** सनातन चेतना मंच के बैनर तले रैली निकाल कर सौंपा जाएगा ज्ञापन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के विरुद्ध लगातार हो रही हिंसक घटनाओं के विरोध में 4 दिसंबर को मंडला में रैली एवं विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। सनातन चेतना मंच के बैनर तले समस्त हिंदूवादी संगठन जिला मुख्यालय में रैली निकाल कर ज्ञापन सौंपेंगे। सनातन चेतना मंच के संयोजक अरविंद शर्मा ने बताया कि बांग्लादेश में हिंदू समाज पर लगातार हिंसक हमले हो रहे हैं। बंगला देश के कट्टरपंथी निर्दोष हिंदुओ को निशाना बना रहे हैं। वर्तमान में बंगला देश में हिंदुओं के नरसंहार जैसी स्थिति है और वहां की सरकार कट्टरपंथियों के बजाय हिंदुओ की आवाज उठाने वालों पर ही कार्रवाई कर रही है। इससे प्रतीत होता है कि हिंदुओ के विरुद्ध हिंसा करने वालों को वहां की सरकार का समर्थन प्राप्त है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के धार्मिक उत्पीड़न से विश्व भर के हिंदू समाज में आक्रोश व्याप्त है। हिंदू समाज पर हो रहे इस अत्याचार को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। बांग्लादेश के हिंदुओं के साथ एकजुटता और ऐसी अमानवीय घटनाओं का विरोध प्रकट करने जिले भर के समस्त हिंदुवादी और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने 4 दिसम्बर को दोपहर 2 बजे जिला मुख्यालय स्थित रेडक्रॉस भवन के सामने विशाल विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। सनातन चेतना मंच के संयोजक ने सभी जिलेवासियों से इस प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है।




# मडई की व्यवस्था के लिए बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज



जनपद पंचायत नारायणगंज के खैरी एवं पडरिया पंचायत में 13 नवंबर को तीन दिवस मडई भरना है जिसमें पंचायत द्वारा दुकानदारों की व्यवस्था एवं मडई का शांतिपूर्ण तरीके से आयोजन एवं मडई विवाह के लिए सुनिश्चित व्यवस्था के लिए बैठक बुलाई गई जिसमें दोनों पंचायत के सरपंच सचिव गांव गणमान नागरिक की उपस्थिति में निर्णय लिया गया की मडई के दिन बस स्टैंड में बसो का आना निषेध किया गया एवं हर चौराहे में साइकिल मोटरसाइकिल दो पहिया वाहन चार पहिया वाहन के लिए मडई के स्थान से आगे चारों जगह पर बस स्टैंड से चौराहा में नाकाबंदी की जाएगी जिससे मडई में आ रहे लोगों की भीड़ में कोई घटना न घाट सके में रोड में लग रही दुकानों को सुनिश्चित जगह दिलवाकर उन्हें व्यवस्थित ढंग से लगाने के लिए निर्णय लिया गया है पुलिस प्रशासन द्वारा हर चौराहे में पुलिस व्यवस्था के लिए थाना प्रभारी द्वारा बताया गया कि जनता की सुरक्षा के लिए सभी चौराहों में पुलिस तैनात रहेगी एवं आसपास के कोटवारों का भी सहयोग लिया जाएगा बाजार के आसपास पुलिस सहायता केंद्र रखा जाएगा जिसमें तीन दिवसी मडई की आयोजन में किसी प्रकार की कोई आवश्यकता ना हो पाए इसको देखते हुए पुलिस सहायता केंद्र की व्यवस्था की, बैठक में टी गोपाल घोसला तहसील से री पटवारी ग्राम पड़रिया के सरपंच राजकुमार तेकाम सचिव हरदयाल मरावी दीपक सोनी मगनलाल सोनी रतन ठाकुर विपिन सोनी गया चक्रवर्ती उमाशंकर जायसवाल रामकुमार साहू, संतोष सोनी राजुल जोशी स्थान या पत्रकार राजेश सोनी मनोज सोनी सुरेंद्र सोनी एवं समस्त पंचायत के पंचगण मौजूद रहे।

### Animal Behavior & Ecological Behavior एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित



**मण्डला।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मण्डला में प्राचार्य डॉ. अनिल गुप्ता की उपस्थिति में आज दिनांक 03 दिसम्बर 2024 को प्राणीषास्त्र विभाग में Animal Behavior & Ecological Behavior पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में Foundation for Ecological Securtiy (FES) के मुख्य प्रबंधक मनोहर पवार के द्वारा यह बताया गया कि कोई जीव पर्यावरण में किस प्रकार अंतः क्रिया करता है तथा पर्यावरण जीव पर किसी प्रकार प्रभाव डालता है। उन्होंने उदाहरण के द्वारा रपटा पुल में पाये जाने वाली स्ट्रे थ्रोटेड स्वेलो चिड़िया गीली मिट्टी से किस प्रकार घर बनाती है, उसके भोजन का प्रकार, नदी के साथ उसकी Ecology पर क्या प्रभाव पड़ता है की जानकारी दी तथा इस शीर्षक पर रिसर्च पेपर कैसे तैयार करते है के बारे में बताया। इसके अलावा Wild Life Trackin, Butterfly, Draganflyविषयों में रिसर्च की संभावना पर जानकारी दी जो रोजगारोन्मुखी है। इस अवसर पर प्राणीषास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ.सीमा धुर्वे ने Animal Behavior पर जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में एम.एससी प्रथम, तृतीय, बी.एससी (आनर्स) चतुर्थ वर्ष प्राणीषास्त्र के विद्यार्थी उपस्थित रहें एवं सुश्री कृष्णा सरैया के द्वारा अभार व्यक्त किया गया।

## आयोजन

### नारायणगंज में विनोद अग्रवाल और निवास में सुनील अग्रवाल बने तहसील अध्यक्ष।

# तहसील क्षेत्रों में अब आयोजित किये जा रहे वैश्य सम्मेलन

*** सदस्यों को दिये गये नये कैलेण्डर।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश के मण्डला-बालाघाट के संभाग अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने बताया-विगत संभागीय बैठक प्रदेश कार्यकारिणी के नेतृत्व में दोनों जिला मण्डला-बालाघाट के कोर ग्रुप सदस्यों की उपस्थिति में होटल उत्सव मण्डला में संपन्न हुई। उपरोक्त बैठक में निर्णय लिया गया था कि माह दिसंबर में मण्डला एवं बालाघाट जिले की समस्त तहसील में तहसील के आजीवन सदस्यों का सम्मेलन किया जाना है।

इसी तारतम्य में रविवार, दिनांक 1 दिसंबर 2024 को दोपहर 3 बजे निवास में और शाम 5 बजे नारायणगंज में आजीवन सदस्यों का तहसील सम्मेलन किया गया साथ ही वैश्य महासम्मेलन का केलेंडर 2025 विमोचन के पश्चात सभी आजीवन सदस्यों को वितरित किया गया।

वैश्य महासम्मेलन के जिला प्रभारी सुनील अग्रवाल ने बताया-वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा गैर राजनैतिक संगठन है। इसका वार्षिक कैलेंडर जिसमें आगामी पूरे वर्ष की कार्ययोजना के साथ पूरे प्रदेश के महत्वपूर्ण संपर्क सूत्र, पदाधिकारियों की जानकारी के साथ-साथ और भी महत्वपूर्ण जानकारी प्रकाशित होती है। कारणवश, कैलेंडर का महत्व और ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाता है। साथ ही भोपाल में नवनिर्मित विशाल पांच मंजिला भवन निर्माण हेतु मध्यप्रदेश वैश्य कल्याण ट्रस्ट को आर्थिक सहयोग किए जाने हेतु आग्रह किया गया है।

निवास एवं नारायणगंज तहसील सम्मेलन में संभागीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल संभागीय महामंत्री रंजीत कछवाहा, मण्डला जिला प्रभारी सुनील अग्रवाल, मण्डला तहसील अध्यक्ष अखिलेश सोनी उपरोक्त दोनों तहसील सम्मेलन की बैठक इन्हीं प्रमुख पदाधिकारियों के नेतृत्व में संपन्न हुई सबकी एकमत सहमति से निवास तहसील अध्यक्ष सुनील अग्रवाल को पुनः इसी दायित्व पर मनोनीत किया गया। तहसील प्रभारी- प्रदीप जैन, तहसील युवा प्रभारी- श्रेयस (शालू) जयसवाल को मनोनीत किया गया इसी तरह नारायणगंज तहसील अध्यक्ष के पद पर सबने विनोद अग्रवाल को एवं तहसील प्रभारी पद पर राकेश अग्रवाल एवं नगर अध्यक्ष अभिनेश साहू के साथ साथ नारायणगंज तहसील युवा प्रमुख के पद पर सुधीर अग्रवाल को सबकी सहमति और पदाधिकारियों के नेतृत्व में मनोनीत किया गया। उपरोक्त दोनों तहसील में हुई नियुक्ति तहसील क्षेत्र में नई ऊर्जा के साथ कार्यकारिणी का विस्तार हो। प्रदेश कार्यालय के निर्देशानुसार वर्ष में किए जाने वाले आवश्यक आयोजन होते रहे। सबने ऐसी अपेक्षा जाहिर की। भोपाल कार्यालय में उपरोक्त जानकारी को सूचना दी गई प्रदेश कार्यालय से भी नई नियुक्ति पर पदाधिकारियों को बधाई प्रेषित की गई। सबको कैलेंडर वितरित किए गए।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 72 आवेदकों की समस्या





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मंगलवार को हुई जनसुनवाई में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने अलग-अलग अनुविभागों से आए आवेदकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने समस्याओं का परीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को उनके समुचित निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से संबंधित आवेदनों का सर्वोच्च प्राथमिकता से निराकरण करें। जनसुनवाई में कुल 72 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, डिप्टी कलेक्टर क्षमा सराफ, आशुतोष ठाकुर, एसडीएम मंडला सोनल सिडाम सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान जनसुनवाई में ग्राम पंचायत खम्हेरखेड़ा निवासी जाहीन फातिमा ने अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में, ग्राम सिमरिया निवासी शिवप्रसाद विश्वकर्मा ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ दिलाने, साजपानी बिलगांव निवासी घंसराम तेकाम ने फौती नामांतरण के संबंध में आवेदन दिया।



**खबर संक्षेप**

## खटीक ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से मुलाकात करते हुये नगर की जानकारियों से कराया अवगत



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर के समाज सेवा के साथ साथ अपने वार्ड की जनता को परेशानियों से निजात दिलाने वाले भाजपा युवा नेता व नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष तथा वर्तमान पार्षद कमल खटीक द्वारा बीते हुये दिवस प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव से मुलाकात करते हुये नगर की जानकारियों से अवगत कराया गया। बताया जाता है कि बीते हुये दिवस नर्मदा जी के ओकारेश्वर धाम पर जब विवेक सिंह द्वारा अमृतस्य माँ नर्मदाजी की पैदल परिक्रमा की शुरूआत की जा रही थी जिसमें अनेक संतों के साथ साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के आलवा अन्य नेताओं द्वारा विवेक सिंह को परिक्रम यात्रा के शुभकामनाये देने के लिये पहुंचे थें। इसी दौरान विवेक सिंह के गाडरवारा नगर से भी अनेक भक्त शामिल हुये थें जिसमे युवा भाजपा नेता कमल खटीक भी शामिल थें। इस दौरान कमल खटीक द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री से मुलाकात करते हुये उन्हें नगर की जानकारियों से अवगत कराया गया। ज्ञात हो कि कमल खटीक निश्चित तौर से जनता द्वारा प्रदान किये जाने वाले आर्शीवाद के बाद जिस तरह उनकी सेवा में लगे हुये देखे जाते है। इसी का परिणाम है कि दो साले पहले जब उन्हें अपनी पार्टी द्वारा वार्ड बदलते हुये चुनाव लड़ने के लिये मैदान में उतारा गया था तो वहां पर भी उनके द्वारा अपना परचम लहराते हुये जनता की सेवा में मग्न नजर आने से नही चूक रहे है।

## राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृति परीक्षा हुई आयोजित

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** रविवार को क्षेत्र के शासकीय/शासकीय अनुदान प्राप्त /स्थानीय निकायों द्वारा संचालित विद्यालयों में इस सत्र की कक्षा 8 वीं में नियमित अध्ययनरत छात्र छात्राओं के लिए राष्ट्रीय मीन्स कम मैरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा का आयोजन सुबह 10:45 बजे से क्षेत्र के साईंखेड़ा एवं चीचली विकास खंडों के परीक्षा केंद्रों पर किया गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार परीक्षा हेतु साईंखेड़ा ब्लॉक के लिए बनाये गए परीक्षा केंद्र शासकीय कन्या उ मा विद्यालय गाडरवारा में 255 मे से 235 तथा बीटीआई स्कूल गाडरवारा मे 221 मे से 207 तथा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय साईंखेड़ा मे 169 मे से 148 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दी। वही चीचली ब्लॉक के लिए बनाए गए शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चीचली में 375 मे से 339, शा कन्या उ मा विद्यालय सालीचौका मे 216 मे से 206 एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करपगांव के केंद्र पर 223 मे से 213 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दी। इस परीक्षा मे साईंखेड़ा ब्लॉक से कुल 690 मे से 590 एवं चीचली ब्लॉक से कुल 814 मे 758 परीक्षार्थी परीक्षा मे शामिल हुए। बताया जाता है कि उक्त परीक्षा में चयन उपरांत पात्र विद्यार्थियों को 12 हजार रुपये वार्षिक छात्रवृत्ति मिलेगी। परीक्षा हेतु निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन पहले ही भरवाए जा चुके थे। उल्लेखनीय है कि उक्त परीक्षा में सुबह 10:45 बजे से 12:30 तक मानसिक योग्यता परीक्षण एवं 12:30 बजे से 2:15 बजे तक शैक्षिक योग्यता परीक्षण के प्रश्नपत्र छात्र छात्राओ ने हल किए। रविवार को बीईओ प्रतुल इंदुख्या ने नगर के बीटीआई एवं कन्या शाला के परीक्षा केन्द्रो का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।

## साईंखेड़ा मे दिव्यांग बच्चों के लिये आयोजित की गई विभिन्न स्पर्धाएं

**हरिभूमि न्यूज/साईखेड़ा।** राज्य एवं जिला शिक्षा केंद्र के निर्देशों के परिपालन में बीते हुये दिवस विकास खंड साईखेड़ा के जनपद शिक्षा केंद्र के परिसर में विकास खंड स्तरीय दिव्यांग छात्र छात्राओं की खेलकूद, सांस्कृतिक एवं सामर्थ्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत विकास खंड साईखेड़ा के विभिन्न जन शिक्षा केंद्रों में अध्यनरत दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दी गई।

# क्षेत्र में फिर फैलते हुये दिखाई देने लगा नकली खाद का अवैध कारोबार

# कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा एक पिकअप गाड़ी में पकड़ा संदिग्ध खाद












**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।**

इस समय क्षेत्र का किसान जहां लगातार बढ़ रही महंगाई के बीच व शासन की नीतियों से लगातार जूझते हुये देखा जा रहा है तो दूसरी ओर क्षेत्र में नकली खाद का अवैध कारोबार करने वाले किसानों की जेबों में डाका डालने में कोई कसर नही छोड़ रहे है? क्षेत्र में लगातार फैल रहे खाद के अवैध कारोबार को लेकर कृषि विभाग के अधिकारियों की भूमिका सबाल के घेरे में आने से उस समय नही चूक पाती है जब बाहरी लोग खुलेआम गांव गांव भ्रमण करते हुये किसानों को नकली खाद विक्रय करते हुये गायब हो जाते है। इस स्थिति में किसानों को दूगनी क्षति का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ता है। क्योंकि जहां असली खाद के दामों पर नकली खाद के रूपया खर्च हो जाते है और दूसरी ओर जमीन की ऊर्वरा क्षति को भी कमजोर बना देती है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस सालीचौका क्षेत्र के ग्राम मोहपा में उस समय देखने मिली जब कृषि विभाग के अधिकारियों की टीम द्वारा अपने भ्रमण के दौरान एक पिकप गाड़ी में भारी मात्रा में संदिग्ध स्थिति में भरी हुई खाद को किसानों को विक्रय किया जा रहा था। इस तरह मौके पर पहुंचे हुये कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा इस खाद को पंचनामा बनाते हुये जप्त करते हुये वाहन सहित पुलिस के सुपुर्द करते हुये वरिष्ठ अधिकारियों के मार्ग दर्शन में आगे की कार्यवाही की जा रही है। क्योंकि इस समय क्षेत्र के किसान अपने खेतों में बोनी करने के लिये डीएपी सहित यूरिया खाद के लिये भटकते हुये देखे जा रहे है और दिन दिन भर लम्बी लाईनों में लगने के बाद भी उन्हें खाद नही मिलने के कारण परेशान होते हुये इस तरह अवैध खाद का कारोबार करने वालों के चक्कर में फंस रहे है। शासन के निर्धारित खाद विक्रय केन्द्रो पर चल रही खाद की कमी का फायदा इस तरह अवैध कारोबार उठाते हुये क्षेत्र के अन्नदाताओं के जेबों पर डाका डालने में कोई कसर नही छोड़ रहे है? इस तरह सालीचौका क्षेत्र में कृषि विभाग द्वारा पकड़ी गई संदिग्ध खाद को लेकर बताया जाता है कि बीते हुये मंगलवार को जिला कलेक्टर श्रीमति शीतला पटेल के निर्देशन में गठित किये गये दल में शामिल उप संचालक कृषि उमेश कटहरे मार्ग दर्शन में अनुविभागीय अधिकारी कृषि श्रीमति पूजा पासी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकास शर्मा द्वारा क्षेत्र में भ्रमण किया जा रहा था। उसी दौरान ग्राम मोहपा में एक पिकअप गाड़ी क्रमांक MP -20- GB5684 में एक व्यक्ति द्वारा एनपीके उर्वरक भरे हुये पाया गया जो शायद किसानों को विक्रय करने की सोच के साथ रखे हुये था। इस तरह कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा वाहन के चालक से पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम अजय कुर्मी तथा उर्वरक विक्रेता द्वारा अपना नाम दिनेश नागपुरे बालाघाट बताया गया। वही अधिकारियों द्वारा जब इन लोगों से पिकप में भरी हुई खाद के संबंध में दस्तावेज मांगे गये तो किसी तरह के दस्तावेज नही पाये जाने के चलते कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा संदिग्ध खाद का जप्ती पंचनामा बनाते हुये पिकअप वाहन सहित खाद को पुलिस चौकी लेकर आये जहां पर पुलिस के सुपुर्द करते हुये आगे की कार्यवाही की जा रही है। वही इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी कृषि विभाग श्रीमति पूजा पासी से चर्चा की गई तो उनके द्वारा अपनी जानकारी में बताया कि हमारी टीम क्षेत्र में भ्रमण कर रह रही थी जिसके चलते ग्राम मोहपा में एक पिकप गाड़ी क्रमांक MP -20- GB5684 में कुछ खाद की बोरी भरी हुई पाई गई। वाहन के चालक व खाद विक्रय करने वाले व्यक्ति से पूछताछ की गई तो उनके पास खाद के संबंध में किसी भी प्रकार से कोई दस्तावेज नही पाये जाने के कारण उस संदिग्ध खाद की जप्ती करते हुये पंचनामा बनाने के बाद वाहन व खाद को पुलिस के हवाले करते हुये वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया है। वही खाद कहा से आई किसके द्वारा बुलाई गई थी..? इस बात की सच्चाई का पता तो जांच में बाद ही चल पायेगा। आगे की कार्यवाही वरिष्ठ अधिकारियों के मार्ग दर्शन में की जावेगी। इस तरह कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा संदिग्ध स्थिति में पकड़ी गई खाद से भरे हुये वाहन सहित संपूर्ण खाद की जप्ती पंचनामा बनाते हुये पुलिस के हवाले कर दिया गया है। ज्ञात हो कि इसी प्रकार से बीते हुये वर्ष भी सालीचौका क्षेत्र में लगे हुये बनखेड़ी तहसील के एक गांव में भी वहां के किसानों द्वारा इसी प्रकार से नकली खाद का विक्रय करते हुये कुछ लोगों को पकड़ा गया था जिनके तार सालीचौका के कुछ लोगों से जुड़े होने की सच्चाई उजागर होने से नही चूक पाई थी..? एक बार फिर सालीचौका क्षेत्र में ही कृषि विभाग की टीम द्वारा संदिग्ध खाद को पकड़ने में सफलता हासिल की गई है। इस तरह देखा जावे तो सालीचौका क्षेत्र इस तरह नकली खाद के अवैध कारोबार के लिये सबसे सुरक्षित क्षेत्र बनते हुये दिखाई देने लगा है? वही दूसरी ओर कहा जाता है कि किसी भी प्रकार से अवैध कारोबार विभाग से जुडे हुये लोगों की शहर के बगैर संचालित होना संभव नही हो सकता है...? यदि यह बात सही है तो निश्चित तौर से पकड़ी गई खाद के पीछे भी कोई बड़ी कहानी का राज छुपा होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। वही लोगों का कहना है कि यदि पकड़ी की गई संदिग्ध खाद की निष्ठा के साथ जांच हुई तो चौकाने वाली सच्चाई उजागर होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है..?

## परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण कार्यक्रम आज, चयनित शालाओं के कक्षा तीसरी, छटवी तथा नवमी पढ़ने वाले विद्यार्थियों का होगा मूल्यांकन

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** समूचे प्रदेश सहित क्षेत्र में भी आज 4 दिसम्बर दिन बुधवार को चयनित सेम्पल शालाओं में कक्षा 3 व 6 और 9 में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण किया जायेगा। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार इस सर्वेक्षण हेतु चीचली विकासखंड मे 19 एवं साईंखेड़ा ब्लॉक मे 12 शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों का चयन सेम्पल शालाओं के रूप मे किया गया है।




सर्वेक्षण को सफल बनाने की दृष्टि से साईंखेड़ा एवं चीचली विकास खंडो मे अलग अलग कंट्रोल रूम बनाकर उसमे शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गईं है। सर्वेक्षण हेतु शालावार नियुक्त एफआई को उनको आवंटित शाला मे सुबह 7 बजे उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है। वही सर्वेक्षण की रिपोर्ट का केन्द्र सरकार द्वारा नीति निर्धारण में उपयोग किया जायेगा। इस बात को ध्यान में रखते हुए राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक ने सर्वेक्षण कार्य में पारदर्शिता रखे जाने के निर्देश मैदानी अमले को दिये हैं। राष्ट्रीय सर्वेक्षण-2024 के संचालन की जिम्मेदारी एनसीईआरटी के पास है जबकि सीबीएसई को सर्वेक्षण के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी दी गयी है। सर्वेक्षण के सुचारु और निष्पक्ष संचालन के लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने स्पेशल ऑब्जर्वर नियुक्त किये हैं। यह ऑब्जर्वर जिला शिक्षा अधिकारी और जिला परियोजना समन्वयक से तालमेल रखकर सर्वेक्षण की व्यवस्था को सुनिश्चित करेंगे। स्पेशल ऑब्जर्वर की जिलेवार नियुक्ति की गयी है। इसके साथ ही जिले में डिस्ट्रिक्ट लेवल को-ऑर्डिनेटर भी बनाये गये हैं। मैदानी अमले को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं कि जिन सेम्पल शालाओं में सर्वेक्षण का कार्य किया जायेगा, उन शालाओं में दर्ज विद्यार्थियों की उपस्थिति शत-प्रतिशत हो। जिला शिक्षा अधिकारी अनिल ब्योहार एवं डीपीसी डॉ आर पी चतुर्वेदी के मार्गदर्शन मे बीईओ प्रतुल इंदुरख्या, नीलम मरावी, बीआरसी डी के पटैल, संदीप स्थापक ने सर्वेक्षण हेतु चयनित शालाओं मे पूर्ण तैयारी के साथ पूरी प्रक्रिया संपादित करने के निर्देश दिए है।

## कलेक्टर ने बाल विवाह नहीं करने की दिलाई शपथ, हम होंगे कामयाब अभियान के तहत गाडरवारा में जेंडर उन्मुखीकरण कार्यक्रम में शामिल हुई कलेक्टर, अब महिलायें पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं- कलेक्टर श्रीमती पटले







**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

हम होंगे कामयाब अभियान के तहत रविवार को नगर के पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में जेंडर उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बताया जाता है कि कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं को कानूनी प्रावधानों की जानकारी देने के साथ साथ किशोर न्याय अधिनियम, पॉक्सो एक्ट 2012, बाल विवाह अधिनियम एवं महिलाओं से जुड़े अन्य कानूनों के बारे में अवगत कराया गया। इस मौके पर जिला कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि पहले के समय में बालक बालिका में भेदभाव किया जाता था फैली कुरतियों के चलते बच्चियों के भरण- पोषण, शिक्षा व अन्य सुविधाओं से वंचित किया जाता था। मगर आज समय बदल गया है, अब महिलायें पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं अनेक क्षेत्रों में देखा जावे तो महिलाओं द्वारा अपने दायित्वों के निर्वाहन में पुरूषों को भी पीछे छोड़ रही है। इस दौरान उन्होंने उदाहरण के तौर पर बताया कि जिले में पुलिस अधीक्षक, अपर कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार और अन्य शासकीय पदों पर रहकर अपने दायित्वों को महिलायें संभाल रही हैं। जिला कलेक्टर ने कहा कि देश की राष्ट्रपति भी महिला है, महिला सशक्तिकरण की लड़ाई आज भी जारी है। कलेक्टर ने कहा कि सफलता पाने के लिए आपको अवसर पहचानने की शक्ति, पाने की इच्छा, कोशिश और सभी का सहयोग होना जरूरी है। आपकी भूमिका ही सफलता में महत्वपूर्ण कदम उठाती है। जीवन में आपकी सफलता को देखकर समाज से जुड़े लोग और अन्य नागरिक भी प्रेरित होते हैं। इस दौरान कलेक्टर ने बाल विवाह के दुष्प्रभाव के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि बाल विवाह से पीड़ित की शारीरिक- मानसिक, आर्थिक, मनोसामाजिक एवं सामाजिक उन्नति पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। बच्चों के अपने सपने होते हैं, यदि बाल विवाह हो जाता है तो बच्चों के सपने अधूरे रह जाते हैं और इनका जीवन कष्टमय हो जाता है। क्योंकि बाल विवाह भविष्य को उज्जबल बनाने में बाधक बनने से नही चूकता है। वही जिला कलेक्टर ने प्रेरित करते हुए लैंगिक समानता को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए सफलता के कई उदाहरण बताते हुये उन्होंने महिलाओं के हित में बनाये गये कानूनों के बारे में जागरूक किया। इस मौके पर कलेक्टर श्रीमती पटले ने बाल विवाह की रोकथाम की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में एसआई व टीआई ने बाल विवाह, पॉक्सो एक्ट आदि महिलाओं के हित में कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वही बाल संरक्षण अधिकारी सौनिध्य सराठे ने गुड टच एवं वेड टच के बारे में बारीकी से बताते हुये जरूरत पड़ने पर पुलिस व कानून की मदद लेने के लिये भी प्रेरित किया गया। वही जेंडर समानता के बारे में भी बताया। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी श्रीमती उमा वर्मा, बाल संरक्षण अधिकारी सौनिध्य सराठे, शिवानी नामदेव, अनुपमा विश्वकर्मा, पूनम ठाकुर, अनीता खापरे, मंजू ठाकुर के समस्त पर्यवेक्षक महिला एवं बाल विकास, शाला के समस्त शिक्षक- शिक्षिकायें व स्टाफ, विद्यार्थी और नागरिक मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा संचालित हम होंगे कामयाब अभियान 10 दिसम्बर तक संचालित किया जा रहा है। महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए कार्यशाला, शपथ, पोस्ट, निबंध, चित्रकला आदि विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं व किशोरियों को जागरूक कर रहे हैं। इस अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। चित्रकला प्रतियोगिता में कु. गायत्री वर्मा प्रथम, कु. संतोषी अहिरवार द्वितीय एवं कु. शगुन जाटव तृतीय स्थान प्राप्त करने पर कलेक्टर ने पुरस्कृत किया।

# युवक के पास से जप्त की चार ग्राम से भी कम स्मैक बनी चर्चा का विषय..



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

इस समय देखा जा रहा है कि गाडरवारा सहित क्षेत्र के अनेक गांवों में जिस तरह मादक पदार्थो का अवैध कारोबार चलते हुये देखा जा रहा है उसमें मुख्य रूप से स्मैक पावडर ने निश्चित तौर से युवाओं की जिन्दगी को खतरे में डाल दिया गया है। इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि पुलिस द्वारा कार्यवाही नही की जा रही है। लगभग एक माह पहले तक जिस तरह पुलिस द्वारा स्मैक के कारोबार को लेकर मुहिम छेड़ी गई थी जिसके चलते अनुमान लग रहा था कि शायद अब इस स्मैक पावडर का अवैध कारोबार करने वाले यहां से अपना बोरिया विस्तर समेट देगे..? क्योंकि पुलिस द्वारा अनेक बडे कारोबारियों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाने में कसर नही छोड़ी गई थी तो दूसरी ओर जिस प्रांत से यह अवैध कारोबार संचालित किया जा रहा था वहां तक पुलिस के हाथ पहुंच चुके थें और अनेक बडे कारोबारियों को पकड़ने में सफलता हासिल करते हुये पुलिस इसके सरगना तक पहुंचने की जुगाड़ में लगी हुई थी। मगर अचानक पुलिस विभाग में स्थानीय स्तर पर हुये फेर बदल के चलते जहां इस मुहिम पर ब्रेक लग जाने के कारण इसके थोक कारोबारियों की बल्ले बल्ले होते हुये नजर आने से नही चूक रही है..? तो दूसरी ओर पुलिस की भूमिका भी अब मात्र चंद ग्राम तक सीमित होकर रह जाने के कारण यह अवैध कारोबार पुनः अपनी गति पकड़ते हुये नजर आने से नही चूक रहा है..? कुछ इसी प्रकार से बीते हुये दिनों पुलिस द्वारा चार ग्राम से कम मात्रा में एक युवक से जप्त की गई स्मैक संपूर्ण क्षेत्र में इस बात को लेकर चर्चा का विषय बनने से नही चूक रही है कि क्या दूसरे क्षेत्र का व्यक्ति मात्र इतनी स्मैक लेकर यहां पर घूम रहा होगा...। खैर सच्चाई जो भी हो उसे तो पुलिस ही जाने..? इस संबंध में पुलिस द्वारा जारी प्रेस नोट के माध्यम से अवगत कराया गया है कि जिला पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेका के निर्देशन चलाए जा रहे ''ऑपरेशन प्रहार'' के तहत थाना गाडरवारा की नशे के विरूद्ध कार्यवाही जारी,करीबन 30 हजार रूपये कीमती 3.47 ग्राम स्मैक सहित आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आया है। पुलिस का कहना है कि बीते हुये दिवस पुलिस को सूचना मिली की शुभ ढाबा/होटल के पास ग्राम मटवारा तिराहा के पास एक व्यक्ति कुछ मादक पदार्थ रखे हुये है। जिसके चलते पुलिस द्वारा संदेह के आधार पर एक युवक को पकड़ते हुये उससे पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम आशीष पिता गोविंद कौरव उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम कुसमी थाना करेली बताया गया। वही जब युवक की तलाशी ली गई तो पुलिस को उसके कब्जे से 3.47 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक मिला जिसकी अनुमानित कीमत 30 हजार रूपया बताई जा रही है। वही पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये गिरप्तार करते हुये मा.न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इस कार्यवाही में उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रियंका केवट के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक राजेश शर्मा, वरिष्ठ आरक्षक राजेश बागरी, कमलेश, आरक्षक बालकिशन रघुवंशी, सुजीत बागरी, हरिशंकर अहिम भूमिका बताई जा रही है। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि इस तरह चंद ग्राम स्मैक पावडर के साथ पकड़े गये युवक द्वारा इस स्मैक का अविष्कार खुद ने तो किया नही गया होगा निश्चित तौर से वह किसी बड़े कारोबारी से खरीदकर लाया होगा तो फिर पुलिस उस बड़े कारोबारी तक पहुंचने में असफल नही क्या आ रही है...? कही ऐसा तो नही माँ लक्ष्मी जी के आर्शीवाद के चलते जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाये जा रहे ''ऑपरेशन प्रहार'' को लेकर बडे कारोबारियों को नजर अंदाज करते हुये छोटे मोटे के नाम पर औपचारिकता निभाई जा रही हो...?

## विश्व दिव्यांग दिवस के मौके पर नगर की किसी सरकारी संस्था द्वारा इनके चेहरों पर मुस्कान लाने का नहीं किया कोई प्रयास, दिव्यांगों को महज सहानुभूति नहीं बल्कि सही मदद की रहती है दरकार है....?





**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि सरकार द्वारा दिव्यांगों के नाम पर अनेक प्रकार की योजनाएं चलाते हुए उनका भला करने की सोच तो रखी जा रही है। मगर यदि सही मायने में देखा जावे तो शासन की योजनाओं का आज भी अनेक दिव्यांगों को लाभ नही मिलने के कारण वह यहां वहां भटकते हुए दिखाई दे रहे है? क्योंकि समय में आये हुए बदलाव के चलते क्षेत्र में अनेक समाजसेवी संस्थाओं व एनजीओ की तादाद लगातार बढ़ती चली जा रही है। वही कोई समाज सेवा में अपनी संस्था को आगे बताते हुए मौसमी अंदाज में चंद गरीबों को मदद पहुंचाने का प्रदर्शन कर अखबारों में फोटो छपवाने बेताब देखा जाता है तो कोई सिर्फ सुर्खियों तक ही सीमित होता हुआ जान पड़ता है। कुछ संस्थाओं के प्रमुख इस प्रकार के भी होते है जो जनसेवा करने के नाम पर सक्रिय रहकर परदे के पीछे से नेताओं व अफसरों से तार जोड़कर खुदी की सेवा कर रहे है। इन संस्थाओं का मुख्य काम सिर्फ वाही वाही लूटने के लिए उन कार्यो को करने का रह गया है, जिनको जनहित में प्रदेश की सरकार पहले से ही कर रही है। मगर मुकेश बसेड़िया जैसे समाजसेवी इन अवसरों को कभी नही भुलते है और निःशक्तजनों की सेवा में सदा ही बगैर किसी दिखाबे लगते हुये देखे जाते है। कुछ इसी प्रकार बीते हुये मंगलवार को विश्व विकलांग दिवस अचरज की बात है यह देखने मिली कि शहर ही नही बल्कि संपूर्ण क्षेत्र में सिर्फ मुकेश बसेड़िया को छोड़कर अन्य किसी भी सरकारी संस्था ने दिव्यांग लोगों की जिंदगी किस तरह कट रही है शायद ही यह जानने का प्रयास किया गया हो और न ही दिव्यांगों से दो मीठे बोल कहने की भी जरूरत समझी गई...? इसके आलवा देखा जावे तो यह संकेत भी नही दिया कि आज मंगलवार को विश्व विकलांग दिवस के मौके पर उनकी ओर से असहाय दिव्यांगो की किसी तरह की सहायता की जाएगी। गौरतलब है कि प्रशासन व नेताओं तथा तथा कतिथ समाजसेवी व्यक्तियों की उपेक्षा के शिकार सर्वाधिक क्षेत्र के ये दिव्यांग है जिनकी विषम परिस्थितियों में आबाज बुलंद कर ये दिव्यांग अपनी व्यथा कथा किसी को नही बता पा रहे है। बहुत से दिव्यांग बच्चें व युवाओं को शिक्षित होने और स्वास्थ्य रहने के लिए सुविधाएं नही मिल पा रही है। वही बैकों की शाखाओं तथा रेल्वे स्टेशन तथा चिकित्सालयों में दिव्यांगों के लिए अलग से काउन्टर अभी तक नही खुल पाये है तथा उन्हें किसी भी प्रकार की सार्वजनिक स्थान या सरकारी दप्तर में मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसना पड़ रहा है। हकीकत यह है कि क्षेत्र में दिव्यांगों के जीवन में खुशहाली लाने की दिशा में शासन प्रशासन ने जमीनी धरातल पर पहल नही की है जिसका परिणाम है कि क्षेत्र के दिव्यांग हाशिये पर रहकर अपनी जिन्दगी में उपेक्षा का दंश झेलते हुए समाज की मुख्य धारा में शामिल नही हो पा रहे है। जबकि गौर किया जावे तो देश के संत, महात्मा व समाजशात्रियों तथा मनोबैज्ञानिकों का मानना है कि दिव्यांगों में समाज को बदलने की ताकत होती है, उनके विकास में शरीर की असमर्थता बाधक नही बनती है और प्रोत्साहन मिलने पर दिव्यांगों का हुनर बोल उठता है और वे उपलब्धियों के कीर्तिमान गढ़ने लगते है, जिसकी सच्चाई नगर के एक दिव्यांग अजय चौहान में देखने मिलत रही है जिसने संगीत के क्षेत्र में अनेक पुरूस्कार प्राप्त करते हुये इस नगर का नाम रोशन करने में कोई कसर नही छोड़ गई है तो दूसरी ओर इस दिव्यांग कालाकार को अनेकों पर सार्वजनिक मंचों के आलवा गणतंत्र दिवस के मौके पर सम्मानित भी किया गया है।

**खबर संक्षेप**

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए लगाई गई आपत्ति का निराकरण दो साल से लंबित

डिंडौरी-जिले के जनपद पंचायत करंजिया अंतर्गत ग्राम मूसामुण्डी माल में आंगनबाडी कार्यकर्ता के पद के लिए भरे गए फार्म में लगाई गई आपत्ति का निराकरण दो साल बाद भी नहीं होने की शिकायत महिला ने कलेक्टर से जनसुनवाई में मंगलवार को की है। शिकायत में प्रार्थी कमलेश्वरी अहिरवार पति नरेश कुमार निवासी ग्राम मूसामुण्डी माल (मोहतरा) ने लेख किया कि उसने ग्राम मूसामुंडी में आँगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद के लिए महिला एवं बाल विकास करंजिया में आवेदन की थी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रूप में नियुक्त की गई अभ्यर्थी श्रीमति प्रेमवती पति हवेलीराम की कक्षा -10वीं एवं 12वीं की अंकसूची अमान्य प्रतीत होने के कारण मैं दिनाँक 5 जनवरी 2023 को प्रेमबती की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की अंकसूची की जांच हेतु महिला एवं बाल विकास करंजिया में लिखित आपत्ति लगाई थी। जिसकी जाँच एवं निराकरण पिछले लगभग दो वर्षों से लम्बित है। महिला ने मांग की है कि श्रीमति प्रेमवती पति हवेलीराम की कक्षा 10वीं एवं 12 वीं की अंकसूची की जाँच व निराकरण कर उचित कार्यवाही की जाए।

## मनाया गया विश्व दिव्यांग दिवस

डिण्डौरी- मंगलवार को सामाजिक न्याय विभाग एवं जिला शिक्षा केंद्र डिंडोरी द्वारा संयुक्त रूप से विश्व दिव्यांग दिवस का सफल कार्यक्रम मुख्य अतिथि अनिल राठौर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डिंडोरी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिता रंगोली चित्रकला दौड़ गायन वादन संगीत आदि के माध्यम से अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया गया । साथ ही सभी बच्चों ने समाज परिवार एवं अपने आसपास नशा मुक्ति हेतु जागरूकता लाये जाने नशा मुक्ति का आव्हान किया । विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर सभी दिव्यांगों को दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 में उनका निहित अधिकारों से अवगत कराते हुए उनको आगे बढ़ाने हेतु दृढ़ संकल्पित किया गया। साथ ही दिव्यांग बच्चों को उनकी प्रतिभाओं हेतु सम्मानित किया जाकर प्रमाण पत्र स्मृति चिन्ह प्रदाय कर सभी दिव्यांग जनों को गर्म कपड़े स्कूल बैग इत्यादि का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्याम सिंगौर उपसंचालक सामाजिक न्याय, राघवेंद्र मिश्रा जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र, अरुण चैबे, श्रीमती मंजूषा शर्मा, श्रीमति श्रुति गुप्ता, अश्विनी झरिया एवं समस्त एमआरसी संतोष मिश्रा, राहुल शर्मा समग्र संयोजक, मयूर बांगर, सुश्री निधि श्रीवास्तव, सुश्री रुचि विनोदिया, प्रकाश सोंधिया आदि अन्य समस्त स्टाफ कार्यक्रम में उपस्थित रहा।

## बाल विवाह रोकने हेतु सपथ ग्रहण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

डिंडोरी- जनपद पंचायत समनापुर के ग्राम पंचायत जाड़ा सुरंग में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद ,विकासखंड समनापुर के चयनित नवांकुर संस्था सेक्टर क्रमांक 02 छांटा सामाजिक समरसता सेवा समिति झांकी रैयत , सेक्टर क्रमांक 04 गौरा कन्हारी नवांकुर संस्था बम्हनी ग्राम विकास समिति बम्हनी , सेक्टर क्रमांक 05 बम्हनी मोहगांव जन कल्याण समिति मोहगांव , व ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति जाड़ा सुरंग के तत्वाधान में तथा विकासखंड समन्वयक मंजुलता राव के मार्गदर्शन में माध्यमिक विद्यालय जाड़ा सुरंग में हम होंगे कामयाब पखवाड़ा अंतर्गत बाल विवाह रोकने हेतु सपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें स्कूल के बच्चों , शिक्षकों , नवांकुर संस्था , मेंटर , प्रस्फुटन समिति के सदस्यों द्वारा सपथ ग्रहण किया गया । इसके तदपश्चात जिंदा नाला जाड़ा सुरंग में मिट्टी मुरूम युक्त बोल्डर बांध का निर्माण जन सहयोग से किया गया । जन अभियान परिषद के कार्यकर्ताओं के द्वारा परिषद के लक्ष्य को लेकर बेहतर क्रियान्वयन करने के लिए प्रयासरत हैं । इस दौरान नवांकुर संस्था प्रभारी वेद प्रकाश यादव , सूरज ताम्रकार , राम कुमार मरकाम , मेंटर सरोजनी तेकाम , प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष बिसाहिन बाई , सदस्य दुलारी बाई , चपवार प्रस्फुटन समिति से सचिव परमेश्वर मरकाम , सदस्य गंगा सिंह उपस्थित रहे ।

## करोड़ों रुपए खर्च होने के बाद भी अधूरा पड़ा तालाब का काम

# गंदगी से सराबोर है नगर का सबसे बड़ा तालाब








हरिभूमि न्यूज शहपुरा- शहपुरा

नगर का सबसे बड़ा तालाब जो कि महंगी तालाब के नाम से विख्यात हे एक समय था जब शहपुरा की आधी से ज्यादा आबादी का दैनिक निस्तार इसी तालाब के माध्यम से होता था लोगों का नहाना धोना कपड़े धोना सब इसी तालाब के माध्यम से होता था इस तालाब में मछली पालन का भी शासकीय ठेका हुआ करता था परंतु आज यह तालाब अपनी दुर्दशा देखकर खुद भी शर्मिंदा होगा जहां अब चारों ओर गंदगी ही गंदगी मची पड़ी है इस तालाब में अब निस्तार तो क्या तालाब के किनारे से निकलना भी राहगीरों के लिए दो घर हो गया है क्योंकि यहां गंदगी के कारण आने वाली बदबू से लोग यहांसे निकलना भी नहीं चाहते

### आखिर शहपुरा नगर कितने बड़े तालाब की दुर्दशा का कारण कौन

तालाब जीर्णोद्धार कार्य पर अब तक करोड़ों रुपए खर्च हो चुके हैं शहपुरा नगर के पूर्व विधायक डॉक्टर सी एस भवेदी के कार्यकाल में नगर परिषद द्वारा लगभग 50 लाख रुपए का कार्य तालाब सफाई एवं अन्य कार्य किया गया था इसके पश्चात पूर्व विधायक भूपेंद्र सिंह मरावी के कार्यकाल में भी नगर परिषद शहपुरा 50 लाख रुपए का कार्य तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य जिसमें तालाब के चारों ओर बाउंड्री वाल सड़क एवं अन्य कार्य किया जाना था परंतु वह कार्य भी अधूरे पड़े हुए हैं इसके पास साथ नई नगर परिषद शाहपुरा के द्वारा तालाब की अधूरे कार्य को अधूरा ही पड़ा रहने दिया गया अधूरे पडे कार्य के चलते आज पूरे तालाब के चारों ओर गंदगी ही गंदगी है तालाब का पूरा पानी खराब हो चुका है परंतु इस और नगर की जनप्रतिनिधियों का कोई ध्यान नहीं है

### शासन की मनसा पर पानी फेर रही नगर परिषद शहपुरा

एक और मध्य प्रदेश शासन सहित केंद्र सरकार जल संरक्षण के लिए एक के बाद एक बड़े कदम उठा रहे हैं छोटी नदियां तालाब कुआं इत्यादि सभी जल के स्रोतों का संरक्षण करने का कार्य किया जा रहा है जिसके लिए शासन द्वारा विशेष बजट कभी प्रावधान किया गया है परंतु दूसरी और नगर परिषद शहपुरा के द्वारा शहपुरा नगर के इतने बड़े तालाब पर ध्यान ना देना सवालों के घेरे पर है

# मंगलवार को जनसुनवाई में 42 आवेदनों की हुई सुनवाई



डिण्डौरी

कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देशन में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी गई। आवेदकों द्वारा विभिन्न समस्याओं के 42 आवेदन प्रस्तुत किए, जिनका त्वरित निराकरण किया गया। जिन आवेदन पत्रों का निराकरण नहीं हो पाया, उनके लिए आवेदकों को समय सीमा दी गई है। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, संयुक्त कलेक्टर सुश्री भारती मेरावी सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। साथ ही समस्त जनपद पंचायत के सीईओ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। जनसुनवाई के आवेदनों को प्राथमिकता से निराकरण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किये गए हैं। जनसुनवाई में ग्राम खरगहना निवासी श्रीमती बाई ने राशन कार्ड को अपडेट कराने की मांग की, जिस पर सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर ने आपूर्ति अधिकारी को तत्काल राशन कार्ड प्रदान करने के निर्देश दिए, जिससे श्रीमती बाई को राशन मिल सके। जनसुनवाई में ग्राम पंचायत नारायणडीह से ग्राम सरपंच ने आवेदन प्रस्तुत कर महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के तहत कराये गए निर्माण कार्यों के सामग्री भुगतान कराने की मांग की। इसी प्रकार से साकेत नगर डिंडौरी से चांदनी जैन ने कॉलोनाईजर के द्वारा नाली बंद करने की शिकायत की, उन्होंने कॉलोनाईजर के विरूद्ध कार्यवाही कर नाली खुलवाने की मांग की। ग्राम मूसामुंडी निवासी कमलेश्वरी अहिरवार ने आंगनबाड़ी केन्द्र मूसामुंडी में कार्यकर्ता के पद की भर्ती में लगाई गई अपील पर कार्यवाही की मांग की। ग्राम बच्छरगांव निवासी डोमनदास ने बताया कि उसके घर का बिजली अधिक आया है, उक्त अधिक बिजली बिल का निराकरण कराने की मांग की है। ग्राम पंचायत सरसी माल के आवेदकों ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि पंचायत सचिव एवं सरपंच के पुलिया निर्माण में गुणवत्ताहीन कार्य कराया गया है, उन्होंने उक्त निर्माण कार्य की जांच कर कार्यवाही कराने की मांग की है। जनसुनवाई मे प्राप्त सभी आवेदन पत्रों पर त्वरित कार्यवाही हेतु संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में मंगलवार को राजस्व विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग और खाद्य आपूर्ति विभाग से संबंधित पेयजल, भूमि सीमांकन, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना, उपचार सहायता आदि के आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया।

# जांच के बाद कार्रवाई में हीला हवाली बरत रहे अधिकारी

## समनापुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत मझगांव का मामला

डिंडौरी न्यूज।

**समनापुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत मझगांव में रोजगार गारंटी योजना में बड़ा घोटाला सामने आया है, यहाँ जिम्मेदारों ने कागजो में ही कपिल धारा कूप, सार्वजनिक पेयजल कूप, सहित स्टॉपडेम का निर्माण कराते हुए फर्जी बिल बाउचर समेत फर्जी माप पुस्तिका तैयार कर रोजगार गारंटी योजना मद से 8 लाख रुपये से अधिक की राशि गबन कर आपस में बंटवारा कर लिया।**



...जब सोशल ऑडिट में कार्यस्थलों से निर्माण कार्य लापता होने की खबर प्रमुखता से प्रसारित की गई तो प्रशासन द्वारा आनन फानन में जांच टीम गठित कर कार्यो की तकनीकी अधिकारियों से जांच कराई गई ,जब जांच टीम के अधिकारी निर्माण कार्यो को ढूढने पहुँचे तो उन्हें कार्यो के अवशेष तक नहीं मिले, जांच टीम द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किये जाने के महीनों गुजरने के बाद अभी तक दोषियों के विरुध्द कार्रवाई नही की गई या शायद राशि गबन मामले में संलिप्त अधिकारियों की जवाबदेही तय नहीं होने से मामला अधर में लटका हुआ है।

### निर्माण कार्यो के नाम पर हुआ फर्जीवाड़ा,बगैर कार्य के लाखों रुपए का बंदरबांट

ग्राम पंचायत के तत्कालीन सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक और उपयंत्री ने 2020 में रोजगार गारंटी योजना के तहत हितग्राही मनोहरध्काशीराम ग्राम अतरिया के नाम कपिलधारा कूप के तहत 230000 रु स्वीकृति कर बगैर कार्य कराए स्वीकृति से अधिक 263000 रु व्यय किया गया, इसी तरह हितग्राही मुकेशध्मनोहर के ग्राम अतरिया के नाम कपिलधारा कूप निर्माण हेतु 230000 रु स्वीकृत कर बगैर कार्य कराए 210820 रु व्यय किया गया, इसी तरह सार्वजनिक पेयजल कूप निर्माण हेतु 473791 रु स्वीकृति कराकर बगैर कार्य कराए 199730 रु व्यय किया गया है, साथ ही ग्राम सिंघवरा में स्टॉपडेम निर्माण नंदू के खेत पास हेतु 1450000 स्वीकृति के विरुध्द बगैर कार्य कराए 177080 रु खुर्दबुर्द किया गया है। जाँच में 8 लाख रुपये से अधिक राशि गबन किये जाने की पुष्टि होने के बाद भी कार्रवाई ठंडे बस्ते में हैं...?

# वेतन सहित सात सूत्रीय मांगों को लेकर लैब टेक्निशियनों ने जनसुनवाई में की शिकायत



डिंडौरी

वेतन सहित सात सूत्रीय मांगों को लेकर लैब टेक्निशियनों ने जनसुनवाई में मंगलवार को कलेक्टर से शिकायत की है। शिकायत में उल्लेख किया गया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा संचालित टेलीमेडिसिन प्रोजेक्ट के अंतर्गत डिंडौरी जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में लैब टेक्नीशियन पद पर कर्मचारी कार्य कर रहे है। शिकायत में लेख किया गया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा इस प्रोजेक्ट का टेंडर ग्लोबल हेल्थ केयर कंपनी को दिया गया है, उसके कारण समस्त लैब टेक्नीशियन को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पिछले चार माह से लैब तकनीशियन और डॉक्टर को मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है जिसके कारण लैब टेक्नीशियन को अपने परिवार को चलाने में समस्या हो रही है। जब भी ग्लोबल हेल्थ केयर कंपनी के कर्मचारियों से वेतन के बारे में जानकारी ली जाती है तो उनके द्वारा बहुत अभद्र एवं अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया जाता है। यदि कोई व्हाट्सएप ग्रुप में वेतन के संबंध में चर्चा करता है तो उसे सीधा ग्रुप से हटा दिया जाता है। साथ ही वेतन के संबंध में जो भी टेक्नीशियन कॉल करके पूछने का प्रयास करता है तो उसे कॉल कट करके हमेशा के लिए ब्लॉक कर दिया जाता है। शिकायत में लेख किया गया कि जब से कर्मचारियों की जॉइनिंग हुई है तब टारगेट के विषय में नहीं बताया गया था और ना ही हमारी जॉइनिंग लेटर में इस प्रकार का कोई उल्लेख था। प्रत्येक लैब टेक्नीशियन को एक दिन में कम से कम 10 मरीज का कंसल्टेशन अनिवार्य कर दिया गया है। जो भी लैब टेक्नीशियन 10 से कम मरीज का कॉन्सर्ट करता करवाता है तो उसका उसे दिन का एब्सेंट मार्क करके उस दिन का वेतन काट लिया जाता है और ऊपर से पेनल्टी के रूप में अलग वेतन काट लिया जाता है, जिससे प्रत्येक लैब टेक्नीशियन को 10 से 12 की जगह 7000 से 8000 वेतन ही प्राप्त होता है जबकि मरीजों की संख्या उस केंद्र की ओपीडी पर निर्भर है। शिकायत में यह भी लेख किया गया कि जब कर्मचारियों को जॉइनिंग हुई थी उस समय हमें मार्केटिंग के विषय में नहीं बताया गया था जबकि अब ग्लोबल हेल्थ केयर कंपनी सभी टेक्निशियनों से ओपीडी बढ़ाने के लिए गांव-गांव गली-गली बाजार में भेजकर मार्केटिंग करवाती है जिससे हमारे साथ धोखा हुआ है। सभी लैब टेक्नीशियन से ग्रुप में तीन टाइम लोकेशन की पिक्चर की मांग की जाती है जबकि जॉइनिंग लेटर में इस प्रकार का कोई जिक्र नहीं है। संस्था में नियमित पदों पर कर्मचारी जो 60 से 70 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन ले रहे हैं उनसे किसी प्रकार की कोई लोकेशन की मांग नहीं की जाती है। कर्मचारियों ने बताया कि हमारे जॉइनिंग लेटर में सुबह 9:00 से शाम पर 5:00 बजे तक सेवा प्रदान करने का समय निर्धारित किया गया था जबकि ग्लोबल हेल्थ केयर कंपनी हमसे सुबह 9:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक काम कराती है अर्थात एक घंटे अतिरिक्त। ऐसे में कई लैब टेक्नीशियन समय से अपने घर नहीं पहुंच पाते। लैब टेक्नीशियनो ने समस्या के समाधान की मांग कलेक्टर से की है।

## स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में कोतवाली पुलिस को मिली सफलता




डिंडौरी। स्थाई वारंटी की धरपकड़ हेतु अभियान के दौरान पुलिस अधीक्षक वाहिनी सिंह के कुशल निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम एवं एसडीओपी डिंडौरी केके त्रिपाठी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली गिरवर सिंह के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा मंगलवार को स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सहायक उप निरीक्षक शेख सिराज ने विश्वसनीय मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए जेएमएफसी न्यायलय डिण्डोरी के विशेष प्रकरण धारा 138 एनआई एक्ट में स्थाई वारंटी पंकज मसकोले पिता स्वर्गीय राजकुमार उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम जहर मऊ थाना बम्हनी जिला मंडला को गिरफ्तार किया है। वारंटी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। बताया गया कि आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक गिरवर सिंह उइके सहायक उप निरीक्षक शेख सिराज, आरक्षक विनोद माहौर का योगदान रहा।

## मदर टेरेसा हायर सेकेंडरी स्कूल डिंडोरी में मनाया गया वार्षिक उत्सव

### 'बच्चों ने प्रस्तुत किए आकर्षक रंगारंग कार्यक्रम'

डिंडोरी'- विगत दिवस मदर टेरेसा हायर सेकेंडरी स्कूल डिंडोरी ने अपना वार्षिक उत्सव समारोह बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जिसमें विद्यालय के बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इसके पश्चात कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक वाहिनी सिंह, फादर जोसेफ पेरियापुरम एवं अन्य सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया इसके पश्चात विद्यालय के बच्चों के द्वारा सुंदर स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य फादर सिबी जॉर्ज के द्वारा विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन समस्त अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया विद्यालय के बच्चों के द्वारा देश के विभिन्न प्रदेशों एवं उनकी अलग-अलग संस्कृति में प्रचलित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति दी वर्तमान समय में गूगल फेसबुक इंस्टाग्राम के दलदल में फंसे बच्चो एवं उनके अभिभावकों पर आधारित नाटिका प्रस्तुत की गई जो कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा विद्यालय के मेधावी छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि के कर कमलो से पुरस्कार वितरण किया गया कार्यक्रम के दौरान विद्यालय पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष धर्म सिंह मसराम उप प्राचार्य फोजिया यासीन विद्यालय का समस्त स्टाफ सहित बच्चों के अभिभावक का उपस्थित रहे विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा सभी अतिथियों एवं आगंतुकों का आभार व्यक्त किया गया।

## काश्तकार ने भूमि का पट्टा बनवाने जनसुनवाई में दिया आवेदन

डिंडौरी- जिले के जनपद पंचायत बजाग अंतर्गत ग्राम सारंगपुर मॉल में वर्षों से खेती कर रहे काश्तकार ने भूमि का पट्टा बनवाने की मांग से संबंधित जनसुनवाई में आवेदन दिया है। आवेदन में सम्मेलाल पिता चमरू सिंह ने लेख किया कि ग्राम सारगपुर माल प. ह. न. 184 रा. नि.मं. बजाग तहसील बजाग जिला डिण्डौरी म.प्र. में स्थित भूमि खसरा नं. 640 रकवा 0.650 हेक्टेयर भूमि पर लगभग 35 वर्षों से मेरा कब्जा है।

## खबर संक्षेप



### सीएम राइज विद्यालय की छात्रा को किया गया सम्मान

**गोटेगांव।** स्थानीय नगर में विगत दिवस पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर के आदेशानुसार एवं एसडी ओपी गोटेगाँव भावना मरावी और थाना प्रभारी गोटेगांव प्रदीप सराफ के निर्देशन में बीते दिनों मेरा देश मेरा गर्व विषय पर पुलिस थाना गोटेगाँव, थाना मुंगवानी व थाना ठेमी में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में शासकीय सीएम राइस विद्यालय गोटेगांव, की छात्रा धनवती मेहरा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी शाला का नाम रोशन किया है। प्रथम स्थान प्राप्त छात्रा को एस पी नरसिंहपुर के निर्देश पर एसडीओपी गोटेगाँव द्वारा नगद राशि व प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

### पंचायतों में बने शांतिधाम बदहाल, ऊग रहीं झाड़ियां



**गोटेगांव।** तहसील क्षेत्र अंतर्गत शासन की योजना के अनुसार अधिकांश ग्राम पंचायतों में अंतिम संस्कार करने के लिए सरकारी भूमि पर शांतिधामों का निर्माण किया गया है। इन स्थलों पर शासन ने समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद भी अधिकांश ग्राम पंचायतों के द्वारा निर्मित किए गए शांतिधाम स्थल पर समुचित व्यवस्था नहीं की गई है। अधिकांश पंचायतों में मौजूद शांतिधामों की हालत पूरी तरह से बदहाल हो रही है।इन शांतिधामों पर आने वाले लोगों को बैठने की व्यवस्था नहीं की गई है। आने जाने के लिए मार्ग का निर्माण नहीं किया गया है और ना ही पेयजल की कोई व्यवस्था की गई है। पंचायत ने सिर्फ शांतिधाम का निर्माण करके उसको अपने हाल पर छोड़ दिया है। जिसके कारण शांतिधामों के स्थल पर बड़ी बड़ी झाडियां ऊग गईं हैं। वहीं यहां पर आने वाले लोगों के लिए किसी प्रकार की कोई व्यवस्था पंचायत के द्वारा नहीं की गई है।

#### विश्व दिव्यांग दिवस पर जिला स्तरीय सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियां हुई आयोजित

# कुछ लोग दिव्यांग होते हुए भी दुनिया के लिए प्रेरणा स्रोत हैं




हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर 3 दिसम्बर को कक्षा पहली से 12 वीं तक के बच्चों के लिए जिला स्तरीय सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियां आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले एवं सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार ने दीप प्रज्जवलन कर किया। कलेक्टर श्रीमती पटले ने हरी झंडी दिखाकर 100 एवं 25 मीटर दौड़ का शुभारंभ किया।

कलेक्टर ने बच्चों द्वारा बनाये गये चित्रों का अवलोकन कर उन्हें प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने दिव्यांग बच्चों को आगे आने का अवसर देने एवं हेलन किलर एवं आइंस्टीन एवं स्टीफन हॉकिंग के बारे में सभी अभिभावकों एवं दिव्यांग बच्चों को बताया कि वे दिव्यांग होते हुए शिक्षा एवं विज्ञान के क्षेत्र में अपनी काबिलियत से लोहा मनवाया। आज वे सारी दुनिया के लिए प्रेरणास्रोत है। कलेक्टर श्रीमती पटले ने यहाँ मौजूद दिव्यांगों को सांकेतिक भाषा एवं ब्रेललिपि के बारे में समझाया तथा समस्त दिव्यांगों एवं उनके अभिभावकों को सांकेतिक भाषा सीखने एवं समझने के लिए प्रेरित किया।



सीईओ जिला पंचायत ने जिले में संचालित सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने समस्त दिव्यांगजनों को अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सीडब्लूएसएन छात्रावास के बच्च्चों ने सांकेतिक भाषा में ए टू जेड एवं कहानी का प्रदर्शन किया। इस दौरान रंगोली, चित्रकला, कुर्सी दौड़, मटकी फोड़, 100 एवं 25 मीटर दौड़, अति गंभीर दिव्यांगो के लिए बकेट द बॉल एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पश्चात समस्त प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया। उक्त प्रतियोगिता में नीरज तिवारी एवं शिवानी लोधी ने दौड़ में प्रथम स्थान, अक्षका पाटकर ने चम्मच दौड़, शिवानी लोधी ने चित्रकला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे एवं उपाध्यक्ष अजीत जाट द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अनिल ब्यौहार, श्रीमती अंजना त्रिपाठी, डॉ. आरपी चतुर्वेदी, दीपक अग्निहोत्री, श्रीमती अंजु शर्मा एवं बीआरसी नरसिंहपुर के समस्त स्टॉफ मौजूद थे।



# न्याय सबका अधिकार है - कमल जोशी, प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश

### केन्द्रीय जेल में हुआ विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कमल जोशी की अध्यक्षता एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वैभव सक्सेना की मौजूदगी में केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर में जेल में निरूद्ध बंदियों के लिए विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री जोशी ने कहा कि जिले में निरूद्ध ऐसे दंडित बंदियों व विचाराधीन कैदियों जिनकी जमानत उच्च न्यायालय द्वारा 25 हजार रुपये की स्वीकृत हो चुकी है, आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वह जमानत भरवाने में असमर्थ हैं, तो ऐसे प्रकरणों में जिला समिति के समक्ष रखे जाने पर समिति के सदस्यों द्वारा अनुमोदन कर राशि जमा कर बंदी को जमानत पर रिहा किया जा सकता है।




नवीन प्रकरणों में 10 वर्ष तक की सजा के अंतर्गत विचारण प्रकरण में 90 दिवस के अंदर चालान न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नहीं करते हैं, तो वह अपनी जमानत अर्जी न्यायालय के समक्ष पेश कर सकते हैं। ऐसे प्रकरण जिसमें घटना दिनांक के समय बंदी की उम्र 18 वर्ष से कम थी और उन्हें सजा से दंडित किया गया है या विचारण स्थिति में है, ऐसे प्रकरणों को सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार प्रकरण को बाल न्यायालय में प्रस्तुत करवाने के लिए सुझाव दिया गया। शिविर में जिन बंदियों के वकील नियुक्त नहीं हैं, उन्हें विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से वकील नियुक्त कराने की सलाह दी गई। जिन बंदियों की अपील नहीं हुई, उन्हें विधिक सहायता के माध्यम से 30 दिवस के अंदर अपील न्यायालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि न्याय सबका अधिकार है। प्रत्येक व्यक्ति न्याय प्राप्त करने की दिशा में आवेदन व निवेदन द्वारा कानूनी सहायता प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर उप जेल अधीक्षक महेश प्रसाद टिकारिया, सहायक जेल अधीक्षक एडवर्ड स्वामी, संतोष हरियाल व समस्त स्टाफ मौजूद थे।

### जनपद मैदान में विशाल धरना प्रर्दशन आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कट्टरपंथी मानसिकता को पनपते देख सनातनी चेतना मंच द्वारा आयोजित की गई बैठक में तय हुआ कि 4 दिसंबर बुधवार नरसिंहपुर के जनपद मैदान से समय 12.00 दोपहर को एकत्रीकरण होगा जहां मंचीय कार्यक्रम होगा एवं समाज के बुद्धजीवी वर्ग द्वारा इस संदर्भ में विचार व्यक्त किए जाएंगे विभिन्न सामाजिक संगठनों , हिंदू जागरण समितियों ,एवं साधु संत मातृ शक्तियों ,युवाओं के साथ मिलकर राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर नरसिंहपुर को ज्ञापन सौपेंगे नरसिंहपुर जिले का हर नागरिक बीते दिनों पूरे बांग्लादेश में विशेषकर चिट्टागोंग के क्षेत्र में हिंदुओं के कई धार्मिक स्थलों को निशाना बनाना,बांग्लादेश सरकार एवं वहां की पुलिस इस्लामिक कट्टरपंथियों को दंडित करने के स्थान पर शांति से विरोध करने वाले हिंदुओं पर ही अत्याचार होने बांग्लादेश में हो रही हिंदुओं के खिलाफ संगठित हिंसा से अत्यंत दुखी है सनातनी चेतना मंच के कार्यकर्ताओं ने बताया कि बांग्लादेश सरकार का दायित्व बनता है कि वह हिंदुओं एवं उनके धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करे।

### लायंस क्लब द्वारा मनाया जा रहा एड्स सप्ताह

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति नरसिंहपुर लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना द्वारा मनाया जा रहा एड्स सप्ताह। जिसकी थीम मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार पर लायंस क्लब के साथ मिलकर एचआईवी जागरूकता का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। प्रोग्राम मैनेजर रजनी विश्वकर्मा सहित स्टाफ उपस्थित रहा एवं एचआईवी एड्स के प्रति सभी को जागरूकता का संदेश दिया




### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शिरकत करेंगे विद्यार्थी



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** संभाग स्तरीय बाल रंग में उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र छात्राओं ने हासिल की सफलता व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शिरकत करेंगे। ज्ञात हो कि मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित बाल रंग प्रतियोगिता प्रति वर्ष आयोजित की जाती है इसी परिप्रेक्ष्य में इस वर्ष आयोजित संभाग स्तरीय बाल रंग का आयोजन विगत जबलपुर में हुआ जिसमें उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर के विद्यार्थियों ने इस वर्ष भी कई मुख्य विधाओ में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी जगह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बनाई है। विद्यार्थियों की सफलता पर जिला शिक्षा अधिकारी संस्था प्राचार्य जी एस पटेल ने सभी को बधाई एवं अग्रिम शुभकामनायें दी।

### विश्व एड्स दिवस पर व्याख्यान माला का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर के प्राचार्य डॉ.आरबी सिंह के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब एवं मनोविज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष में एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता एवं व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जन शिक्षण संस्थान से मुख्य वक्ता के रूप में सुमित दुबे नें एचआईवी एड्स के फैलने के कारण ,लक्षण एवं उपचार पर चर्चा की, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो.ज्योत्स्ना झारिया ने वैश्विक स्तर पर एचआईवी एड्स की वर्तमान स्थिति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से युवाओं को एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक होने हेतु आह्वान किया, राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जी.एस.मार्सकोले नें महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों में एचआईवी एड्स जागरूकता हेतु अपने विचार प्रस्तुत किये, मनोविज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ. नरेश कुमार नेमा ने एचआईवी एड्स में मनोवैज्ञानिक परामर्श की भूमिका पर प्रकाश डाला।

### महीष मोदी जैन महासभा के उपाध्यक्ष बनें

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिनों दिगम्बर जैन महासभा के जिला अध्यक्ष राजकुमार जैन के द्वारा अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सामाजिक के साथ साथ धार्मिक सांस्कृतिक तथा अन्य सेवा भावी गतिविधियों में सजग रहने वाले महीष मोदी को जिला उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। इनके इस मनोनयन पर जैन समाज के साथ सभी वर्गों के लोगों ने अपनी शुभकामनाएं बधाईयां प्रेषित की हैं।



### फसलों को नुकसान पहुंचा रहे जंगली जानवर

**तेंदूखेड़ा।** इन दिनों तेंदूखेड़ा सहित आस पास जंगली ग्रामीण क्षेत्रों में जानवर फसलों को नुकसान पहुंचा रहें हैं। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार रात्रि के समय जंगली सुअर जहां गन्ना फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं वहीं पूर्व में बोबनी के बाद अंकुरित हुए चने की फसल को अपना निवाला बना रहें हैं। परेशान किसानों ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि रात्रि के समय जागरण करके जानवरों को जुगाड़ कौतूहल से जानवरों को भगाना पड़ता है। सुअरों के झुंड इतनी बड़ी संख्या में हुआ करतें हैं कि देखते-ही-देखते फसलों को तबाह कर दिया करतें हैं।

# विद्युत मोटर 3 की लोड बता रहे चार और पांच का



**तेंदूखेड़ा।** बिजली की समस्यायों को लेकर आये दिन उपभोक्ताओं की शिकवा शिकायतें हमेशा बनीं रहतीं हैं निराकरण की दिशा में उचित क्रियान्वयन ना होने के कारण उपभोक्ता किसान विद्युत कार्यालय में देखे जाते हैं। ऐसे अनेकों उदाहरण यहां पर देखने सुनने को मिलते हैं कुछ उपभोक्ता कृषकों का कहना है कि हमारे खेत के ट्यूब बेल में 3 एच पी की विद्युत मोटर डाली गई है जिसके बिल भी और कनेक्शन भी उसी आधार पर शुल्क देकर कराया गया था लेकिन अब बिल और लोड 4 या 5 हार्सपावर के आ रहे हैं।ऐसी स्थिति में हम सभी कृषक परेशान बनें हुए हैं। चूंकि विद्युत विभाग के लाइन मेन जब विद्युत मोटर चेक करने गये थे उस समय उन्हें बताया जाना चाहिए था। सीधे बिल थमा दिये जाने से किसान उपभोक्ता परेशान हो रहें हैं। विद्युत कार्यालय में भी जाओ तो वहां पर भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलता ऐसी स्थिति में किसान मानसिक रूप से परेशान बना हुआ है। किसानों ने तत्काल प्रभाव से व्यवस्था में सुधार की मांग की है।

#### झूल रही विद्युत केबिल

तेंदूखेड़ा के मुख्य सड़क मार्ग पर विद्युत लाइन की केबिल लाइन झूल रही है जिससे आने वाले समय में बड़ी दुर्घटना की आशंका बनीं हुई है। पीड़ित उपभोक्ताओं द्वारा भी विद्युत कार्यालय में जाकर अपनी शिकायत बता दी है और मौखिक रूप से लाइन मेन को भी बताया है।इस मुख्य सड़क मार्ग पर आये दिन भारी बाहनों के साथ अनाज भरने के लिए ट्रक खड़े होते हैं लेकिन केबिल लाइन के कारण परेशानी हुआ करती है। चूंकि यह समस्या लंबे समय से बनीं हुई है।

#### इनका कहना है

इन विषयों को लेकर शिकायतें हमारे पास भी आईं हैं जब हमारे कर्मचारियों द्वारा खेतों में क्यू आर कोड लगाने के लिए जाते हैं उस समय जांच के दौरान जो लोड मशीन बताती है उसी हिसाब से आन लाइन फीडिंग कर दी जाती है और संबंधित किसान को बता दिया जाता है। बड़े हुए लोड के बिल बढ़कर और घटे हुये लोड के बिल कम होकर भी आ रहें हैं। जहां तक सवाल मुख्य सड़क मार्ग पर केबिल लाइन का है तो यहां पर खंबों की समस्या बनीं हुई है फिर भी गाडरवारा से टीम बुलाकर शीघ्र सुधार होगा।

**व्ही के सोनी**
**ऐई विद्युत कार्यालय तेंदूखेड़ा**



# सड़क पर मवेशियों का जमघट, वाहन चालक व राहगीरों को हो रही परेशानी

#### कार्रवाई के प्रति उदासीनता बरत रही हांका गैंग

गोटेगांव-स्थानीय नगरीय क्षेत्र की सड़कों पर इन दिनों मवेशियों के झुंड नजर आते हैं। दिन हो या रात सड़क पर बैठे मवेशियों से वाहन चालकों को होने वाली परेशानियां कम नहीं होती। आलम यह है कि यदि किसी को अपने घर जाना हो तो वह पहले रास्ते में बैठे मवेशियों को हटाए फिर घर पहुंचे।

#### सड़कों पर नजर ही नहीं आती हांका गैंग

नगर की सड़कों पर घूमने वाले मवेशियों की समस्या से निपटने और यातायात को सुगम बनाए रखने के लिए नगरपालिका में हांका गैंग भी रहती है। लेकिन यह हांका गैंग कभी कभार ही सड़कों पर नजर आती है। ऐसे में मवेशी भी बेखौफ चौक चौराहों और सड़कों पर अपना डेरा जमाए रहते हैं।वाहन चालक बताते कि रास्ते में बैठे मवेशी कब खड़े हो जाए या दौड़ लगा दे कुछ नहीं कहा जा सकता ऐसे में यदि वह वाहन से भिड़ जाते है तो दुर्घटना होने की आशंका बढ़ जाती है। कभी कभी तो वाहन चालकों को गंभीर चोटे आती है। नगर में ज्यादातर शाम के समय बाजार में काफी भीड़ रहती है ऐसे में बाजार में मौजूद लोगों को मवेशी घायल कर देते है। स्कूल के बच्चों को भी इनसे खतरा रहता है। इसके बाद नगरपालिका कुछ नहीं करती।



#### गौशाला भेजने से भी परहेज

नगर पालिका सीमा में सड़कों पर मवेशियों के घूमने पर स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वह सड़कों पर घूमने वाले मवेशियों को गौशालाओ में पहुंचाए। इससे सड़कों पर इनकी संख्या में कमी आ सके। इसे लेकर कई बार अधिकारी भी निर्देश दे चुके हैं। लेकिन नगरपालिका इस मामले में थोड़ी बहुत औपचारिकता करते हुए इतिश्री कर लेती है। परिणामस्वरूप कुछ समय के बाद यह मवेशी फिर से सड़कों पर धमाचौकड़ी मचाने लगते हैं। नगरपालिका की उदासीनता का ही नतीजा है कि इन दिनों सड़कों पर 24 घंटे घूमने वाले मवेशियों की संख्या में काफी इजाफा हो रहा है

#### इन जगहों पर सबसे अधिक रहते हैं मवेशी

वैसे तो पूरे नगर में मवेशी सड़कों पर बहुतायत में देखे जाते हैं। लेकिन इनमें भी फुहारा चौक, पेट्रोल पंप, नया बाजार,बड़े पुल से लेकर नए बस स्टैंड तक मवेशियों की संख्या अधिक देखी जाती है। वहीं परमहंसी बाईपास पर दिन के समय से तो वाहन चालक जैसे तैसे बच कर निकल जाते हैं। लेकिन रात को सड़कों पर इनकी मौजूदगी खतरों से खाली नहीं रहती है।